# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

**दूरभाषः 05946–255255, फैक्स–05946–282578** **ईमेल– principal.gmchld@gmail.com**

पत्रांक :– 2741 /जीएमसी /एल–1/भूमि हल्द्वानी, दिनांक ~~जुलाई~~, 2021 28/09/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

**विषयः–** **जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए ''राज्य कैंसर संस्थान'' तथा ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' की स्थापना किये जाने हेतु 4.25 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 के संबंध में।**

**संदर्भः–** उपरोक्त विषयक उप महानिरीक्षक, वन (के0), भारत सरकार, देहरादून के पत्रांक/8बी/यू.सी. पी./09/21/2021/एफ0सी0/637, दिनांकित 31 अगस्त 2021 के क्रम में।

महोदया,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून को संबोधित उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–**FP/UK/DISP/114282/2020** पर लगयी गयी कमियों के संबंध में बिन्दुवार आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत है–

1. राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा पूर्व में रीजनल इम्पावरमेंट कमेटी की बैठक दिनांक 12.08.2019 में चर्चा कर तीन पृथक–पृथक प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया था। उक्त तीनों प्रस्तावों पर प्राप्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में विहित समस्त शर्तों का अनुपालन करते हुए कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। मात्र क्षतिपूरक वनीकरण की दरों में वृद्धि होने के कारण इसके सापेक्ष प्राप्त पुनरक्षित डिमाण्ड नोट की धनराशि रू0 55,27,923/– की वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त होते ही धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा कर दी जायेगी।

2. भारत सरकार द्वारा राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना के लिए पूर्व निर्मित स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, जिसका विस्तारीकरण करते हुए राज्य कैंसर संस्थान का निर्माण करने की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी को प्रदान की गयी है। साथ ही अवगत कराना है कि स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय प्रस्तावित 4.25 हे0 भूमि से लगी हुई भूमि पर पूर्व से ही विद्यमान है, अतः इसे "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

3. प्रस्ताव में 2.5 हे0 क्षेत्र में "Radiotherapy Bunker" प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में अवगत कराना है कि यह भूमिगत संरचना नहीं है, अतः इसके निर्माण के समय कम से कम वृक्षों का पातन किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।

4. उक्त ले–आऊट में कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी के दृष्टिगत् राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में 210 शैय्याओं के ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' का निर्माण अतिआवश्यक रूप में किया जाना प्रस्तावित है, इस हेतु आगणन शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया है। हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त होते ही जनहित में प्रस्तावित ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' का निर्माण उक्त 4.25 हे0 वन भूमि के मात्र 0.35 हे0 भू–भाग पर ही किया जायेगा। अतः इसे "Future Construction" में दर्शाया गया है। स्पष्ट ले–आऊट पुनः सुलभ संदर्भ हेतु **संलग्नक–1** पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

उक्त के अतिरिक्त ई0डी0एस0 दिनांक 26.02.2021 के बिन्दु संख्या–10 के अनुसार प्रस्तावित दोनों पैच के लिए पृथक–पृथक कम्पोनेंट वाईज ब्रेकअप **संलग्नक–2 व 3** पर प्रस्तुत किया जा रहा है, तथा उनकी स्थिति संलग्न ले–आऊट में पीले व लाल रंग से प्रदर्शित की गयी है।

5. वांछित 4.25 हे0 वन भूमि में कुल 347 वृक्ष विद्यमान हैं। अवगत कराना है कि प्रस्तावित परियोजना के अन्तर्गत पार्किंग स्थल एवं सड़क का निर्माण भी किया जायेगा, अपितु भवनों के निर्माण कार्यों में अपरिहार्य रूप से काटे जाने वाले न्यूनतम वृक्षों के पातन की स्वीकृति तत्समय वन विभाग से प्राप्त की जायेगी।

**संलग्नक:** यथोपरि।

भवदीय,

28/9/21

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

**सं.– 2749 /(1) उक्त दिनांक।**

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, रामपुर रोड़, हल्द्वानी।
2. निदेशक, राज्य कैंसर संस्थान, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक, (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।


संलग्नक-1

# PROPOSED SITE PLAN OF STATE CANCER INSTITUTE AT HALDWANI DIST: NAINITAL
## TOTAL LAND 4.25 HECTARE




28/9/21

संलग्नक-2




**TOTAL AREA OF PATCH 1**
**PART A=0.045 ha**
**PART B=0.183 ha**
**PART C=0.0051 ha**
**PART D=0.053 ha**
**PART E= 0.28 ha**
**PART F= 0.029 ha**
**PART G= 0.027 ha**
**PART H= 0.069 ha**

28/9/21

**TOTAL AREA PATCH 1 =0.44 ha**

संलग्नक-3

**TOTAL AREA OF PATCH 2**
**PART A=0.95 ha**
**PART B=0.26 ha**
**PART C=0.073 ha**
**PART D=2.21 ha**
**PART E= 0.22 ha**
**PART F= 0.1042 Hq**
**TOTAL AREA PATCH 2 =3.81 ha**

